आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 26.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- बिना जांच पड़ताल और गलत नियती से मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने वाले निजी डॉक्टरों को दक्षिण अंडमान जिला पंजीकरण अधिकारी ने चेतावनी दी है।
- वायु की गुणवत्ता की जांच के लिए वी आई पी रोड पर वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित किया गया है।
- केन्द्र सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया को दस साल पूरे हो गए हैं।
- आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को देखते हुए बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं विशेषकर पूजा उत्सव आयोजकों से बिजली का उचित और किफायती इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है।
- नवजात बालिका शिशुओं के जन्म को मनाने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िले में बेटी बधाई संदेश की शुरूआत की गई है।

<><><><><><><>

गलत नियती से मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने वाले निजी डॉक्टरों को दक्षिण अंडमान के जिला पंजीकरण अधिकारी और जिला उपायुक्त ने चेतावनी दी है। जारी आदेश में कहा गया है कि यदि निजी डॉक्टरों द्वारा गलत तरीके से चिकित्सा प्रमाणपत्र जारी किया जाता है और सरकारी अस्पताल की मेडिकल बोर्ड द्वारा इसे रद्द कर दिया जाता है तो ऐसे निजी डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ये कार्रवाई संबंधित अधिनियम के तहत उनका पंजीकरण रद्द करवाने तक भी हो सकता है। सरकारी डॉक्टरों को भी सलाह दी गई है कि वे इस तरह के गलत और अनुचित तथा गलत मेडिकल लीव सर्टिफिकेशन से जुड़े मामलों की रिपोर्ट जिला उपायुक्त को करें, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। आदेश में कहा गया है कि जिला प्राधिकरण अधिकारी के संज्ञान में बिना वास्तविकता के जांच किए निजी डॉक्टरों द्वारा प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाता है और कई मामलों में मेडिकल बोर्ड द्वारा भी इसे अस्वीकार्य किया गया है। यह आदेश आम जनता तथा सभी मेडिकल प्रैक्टिशनर की जानकारी के लिए जारी किया गया है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की राष्ट्र व्यापी प्रयासों के तहत श्री विजयपुरम में आई टी एफ मैदान के पास वी आई पी मार्ग पर वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से वायु गुणवत्ता की सही निगरानी की जा सकेगी और इसके माध्यम से वायु प्रदूषण के स्तर की सटीक डेटा भी उपलब्ध हो पाएगी। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली के वित्तीय और तकनीकी सहयोग से ये परियोजना स्थापित की गई है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी सचिव तथा अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष ए एस पी एस रवि प्रकाश ने कल इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से अब वर्ष भर मौसम विज्ञान से जुड़े डेटा तथा वायु गुणवत्ता की सही जानकारी उपलब्ध हो पाएगी।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया को कल दस साल पूरे हो गए हैं। इस अवधि के दौरान सरकार ने कई प्रमुख योजनाएं लागू की हैं। इन कार्यों से भारत के विनिर्माण परिदृश्य में क्रांति आई है और हमारी आर्थिक व्यवस्था मजबूत हुई है। मेक इन इंडिया पहल ने भारत के मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को एक नई ताकत दी है। अंतरिक्ष से लेकर सेमीकंडक्टर तक और इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक, मेक इन इंडिया की कामयाबी दिखाई दे रही है। इस पहल का ही नतीजा है कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश बन गया है, इससे मोबाइल फोन के आयात में लगभग पचासी प्रतिशत की गिरावट आई है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं में अलग–अलग सेक्टरों में एक लाख अट्ठाईस हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को मुमकिन बनाया है। वहीं, आधुनिक सुविधाओं से लैस भारत की पहली स्वदेशी सेमी–हाई–स्पीड ट्रेन वंदे भारत यात्रियों को बेहतरीन अनुभव दे रही है। वहीं, यूपीआई की सफलता ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में अग्रणी देश बना दिया है।

<><><><><><><>

आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को देखते हुए बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं विशेषकर पूजा उत्सव आयोजकों से बिजली का उचित और किफायती इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है। विभाग ने कहा है कि पूजा उत्सव में बिजली की मांग अधिक होगी और बिजली विभाग पूरे द्वीपों में बिना अवरोध के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग ने

आयोजकों से ऊर्जा के उचित इस्तेमाल करने के लिए एल ई डी लाईट या अन्य ऊर्जा की बचत करने वाले लाईट का पंडालों और घरों में सजावट के लिए उपयोग करने को कहा है। इसके अलावा मांग के समय भारी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल को कम करने तथा बड़ी संख्या में लाईट लगाने और सौन्दर्यकरण के लिए जेनेरेटर या ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का इस्तेमाल करने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि मुख्य ग्रिड पर दबाव कम किया जा सके। सभी के सहयोग से बिना अवरोध के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। पूजा पंडालों से ग्रिड के काम न करने की स्थिति में वैकल्पिक प्रबंध भी करने को कहा गया है, ताकि लोगों की सुरक्षा और संरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की भूगोल पी जी विभाग की ओर से अंतर विभागीय कवि सम्मेलन का का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा मुख्य अतिथि थे। कवि सम्मेलन में एम एससी अंतिम वर्ष की छात्रा स्मृति मिश्रा को पहला, बी ए द्वितीय वर्ष की महक को दूसरा, और बी एससी द्वितीय वर्ष के संजीत राम को तीसरा स्थान मिला।

<><><><><><><>

नवजात बालिका शिशुओं के जन्म को मनाने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िले में बेटी बधाई संदेश की शुरूआत की गई है। ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी मध्योत्तर अंडमान के पहल के तहत ज़िला उपायुक्त ने कल मायाबंदर के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में इसका उद्घाटन किया। उन्होंने शिशु किट, जागरूकता पाम्प्लेट और बधाई प्रमाणपत्र का वितरण करते हुए कहा कि ये पहल मात्र एक दिवसीय प्रयास नहीं है, बल्कि ये समावेशी और समान सोसाइटी की ओर बढ़ता हुआ एक कदम है। बालिका शिशुओं के जन्म को मनाने का उद्देश्य एक ऐसे भविष्य की नींव रखनी है, जहां लिंग की कोई सीमा न हो। उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन की ओर से बच्चों में कुपोषण से निपटने के लिए कुपोषण मुक्त अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. के. पलित के अलावा अस्पताल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

अंडमान से मोयरंग तक तिरंगा फहराए जाने और इसमें नेताजी सुभाषचन्द्र बोस तथा आज़ाद हिन्द फौज की भूमिका पर डीब्रेट में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डीब्रेट, महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर और भारतीय इतिहास संकलन समिति, पश्चिम बंगाल की ओर से आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन श्रम सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इतिहासकारों से अनुरोध किया कि वे ज्ञानकोष में स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में उपलब्ध जानकारियां एकत्र करें और जरूरत पड़े, तो इसमें सुधार का उपाय भी करें। कोलकाता के मौलाना अबुल कलाम आज़ाद एशियन अध्ययन संस्थान के निदेशक डॉ. स्वरूप प्रसाद घोष ने एकजुट भारत की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वाधीनता की लड़ाई में आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की भूमिका पर भी जानकारी दी। भारतीय इतिहास संकलन समिति, पश्चिम बंगाल के महासचिव रबिरंजन सेन ने आज़ाद हिन्द फौज और नेताजी की भूमिका पर जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. पूजा व्यास और डॉ. स्वपन कुमार बिश्वास ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से गृह विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने मीठाखाड़ी माध्यमिक विद्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। कॉलेज में पोषण और पॉक्सो पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत मे आर्थिक स्थिरता के कारण वैश्विक निवेश के लिए ये एक पसंदीदा गंतव्य है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक कार्यक्रम में उप–राष्ट्रपति के संबोधन को द डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। प्रादेशिक सेना हीरक जयंती अभियान दल द्वारा सियाचिन लद्दाख से लेकर ग्रेट निकोबार द्वीप तक साइकिल अभियान पूरा करने के बाद राज निवास में द्वीपों के उप–राज्यपाल से मुलाकात करने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा अंडमानिस आदिम जनजातियों के लिए अस्पताल जलयान एम वी शोम्पेन में बहु विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के समाचार को द

अंडमान क्रोनिकल ने अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित होने के समाचार को इंफो इंडिया ने, जबकि पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस कर्मियों से जुड़े मामलों और उनकी समस्याओं के समाधानके लिए संपर्क सभा आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपने पहले पन्ने पर जगह दी है।

<><><><><><><>